झारखंड के 9 दिव्यांगों को हुनरबाज़ पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

25 सितंबर, 2021 को **आज़ादी के अमृत महोत्सव** पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत सरकार के **ग्रामीण विकास मंत्रालय** द्वारा **झारखंड के 9 दिव्यांग युवाओं को 'हुनरबाज़ पुरस्कार'** से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि **दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना** एवं **स्व-रोज़गार प्रशिक्षण संस्थान** का **'हुनरबाज़ पुरस्कार'** ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्त्वावधान में **राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद** द्वारा संस्थापित किया गया है।
- अंत्योदय दिवस (25 सितंबर) के अवसर पर 15 राज्यों के 75 दिव्यांगों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें झारखंड से कुलवंती बाड़ा (गढ़वा), शबनम खातून एवं सुनीता तातुड़ू (हज़ारीबाग), सावित्री (दुमका), आशा टूटी (खूँटी), अबोध महाथा और तेजीय कुमारी (बोकारो), पिंकी (धनबाद), नेहा रेखा कुमारी (राँची) शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hunarbaaz-award-to-9-divyangs-of-jharkhand